कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,

एडीआर सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर, मण्डलेश्वर (म.प्र.)

दूरभाष नं. 07283–299024 ईमेल: secdlsamnd@mp.gov.in

जा.क्र. 1333 / स्था. / जिविसेप्रा / 2026 मण्डलेश्वर, दिनांक 25 / 04 / 2026

।। विज्ञापन ।।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर क्रमांक के पत्र क्र. फा.न.337 / स्था. / राविसेप्रा / 126 / 2026 दिनांक 09.04.2026 के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के अन्तर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए एक वाहन चालक की संविदा नियुक्ति के लिए मासिक मानदेय पर भर्ती / नियुक्ति की जानी है:–

क्र.	संविदा आधारित पद का नाम	पदों की संख्या	संविदा मानदेय (प्रतिमाह)
01.	वाहन चालक (Driver)	01	₹ 12,000/-

उपर्युक्त उल्लेखित संविदा वाहन चालक के एक पद के लिए **संविदा आधार** पर नियुक्ति हेतु सर्व–साधारण से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं–

- **आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 09.05.2026 (शनिवार)**

- *आवेदन प्रक्रिया :*

- समय सीमा :

आवेदक द्वारा आवेदन–पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09 / 05 / 2026 के सायं 05:30 बजे तक।

नोट:– (आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर उस पर नियत स्थान पर हाल का खिंचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज़ का फोटो चस्पा कर **दिनांक 09 / 05 / 2026 की सायं 5:30 बजे तक** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर, मण्डलेश्वर (म.प्र.)–451221 में प्रस्तुत किया जाएगा अथवा डाक / कोरियर के माध्यम से भी अंतिम तिथि तक प्राप्त किया जा सकेगा। अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। डॉक / कोरियर के माध्यम से भेजे जाने वाले आवेदन–पत्र अंतिम तिथि तक प्राप्त हो जाये यह आवेदक को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आवेदन–पत्र के साथ कोई भी फिस / शुल्क देय नहीं होगा।)

.....(2)

- **संविदा वाहन चालक के पद के विरूद्ध शैक्षणिक अर्हता एवं वांछित अनुभव :**

  - मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 10 वीं (10^{th}) उत्तीर्ण होना चाहिए,
  - उसके पास वैध ड्राईविंग लाईसेंस एवं समस्त प्रकार के वाहन चालन का अनुभव होना चाहिए,
  - अर्हता प्राप्त मेकेनिक को प्राथमिकता दी जाएगी।

- ***चयन की प्रक्रिया :***

- **आवेदन–पत्रों की जांच (Scrutiny):**

आवेदनकर्ता द्वारा अपने आवेदन–पत्र में समस्त सही एवं स्पष्ट जानकारियॉं पूर्ण कर आवेदन–पत्र के साथ अपनी शैक्षणिक एवं वांछित/अनुभव से संबंधित दस्तावेज़ों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियॉं प्रस्तुत करनी होगी। दिनांक 09/05/2026 तक प्राप्त आवेदन–पत्रों की जांच (Scrutiny) कार्य किया जाएगा। छंटनी में पात्र एवं अपात्र पाये गये आवेदको की सूची एडीआर सेंटर भवन के सूचना–पटल पर दिनांक 14.05.2026 तक प्रदर्शित की जाएगी। पात्र एवं अपात्रता के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय का निर्णय अंतिम होगा।

- **पात्र आवेदकों की परीक्षा/साक्षात्कार :**

पात्र आवेदकों को चयन समिति/बोर्ड के समक्ष व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा के लिए नियत की जाने वाली तिथि पर आमंत्रित किया जाएगा। जिसकी सूचना एडीआर सेंटर भवन, मण्डलेश्वर एवं के सूचना–पटल पर चस्पा की जाएगी तथा वेबसाईट के माध्यम से भी आवेदकों को सूचित किया जा सकेगा।

- **चयन परिणाम :**

चयन समिति/बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित आवेदकों की चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची एडीआर सेंटर भवन, मण्डलेश्वर के सूचना–पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। चयनित आवेदकों को बताई जाने वाली नियत अवधि/तिथि में अपना पदभार ग्रहण कर उन्हें निर्देशित किए जाने वाले संविदा संबंधी आवश्यक अभिलेख एवं पदभार संबंधी कार्यवाही का संविदा अनुबंध निष्पादन पूर्ण करना होगा।

- ***सेवाओं की समाप्ति (Termination of Services) :***

संविदा वाहन चालक की सेवाये संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये 01 माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक भी 01 माह पूर्व नोटिस देकर या 01 माह के वेतन के बराबर राशि जमा कर त्यागपत्र दे सकेगा।

- ***महत्वपूर्ण अन्य निर्देश एवं निर्धारित शर्तें (Other Important Directions and Conditions):***

- संविदा वाहन चालक को विहित आचार संहिता का पालन करना होगा,
- संविदा वाहन चालक को कार्यालय एवं वाहन चालन के समय सदैव मर्यादित आचरण एवं अनुशासन बनाए रखना होगा,
- वाहन चालन एवं वाहन का रख–रखाव का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करना होगा,
- आवेदनकर्ता की आयु सीमा दिनांक **01/01/2026** की स्थिति में **18 वर्ष** से कम एवं **35 वर्ष** से अधिक नहीं होना चाहिए,

- आवेदक द्वारा अपने आवश्यक योग्यता संबंधी प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों यथा–अंकसूची, ड्राईविंग लाईसेंस आदि में कभी भी कोई असत्यता पाई जाती है तो उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
- संविदा वाहन चालक का नियुक्ति आदेश उसके चरित्र सत्यापन की प्रत्याशा में जारी किया जा सकेगा और यदि चरित्र सत्यापन में अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध या संलिप्त पाया जाता है तो उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
- वाहन चालक को निर्देशित वाहन यातायात नियमों का पालन कर एवं सावधानीपूर्वक चालन करना होगा।
- आवेदक द्वारा विज्ञापन की शर्तो को सावधानीपूर्वक पढ़ा जाकर आवेदन पत्र में लागू होने वाली समस्त जानकारी की पूर्ति की जानी होगी। अधूरी अथवा अपूर्ण जानकारी होने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
- संविदा वाहन चालक को एक कलैण्डर वर्ष में केवल **13 दिवस** के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।
- अप्रयुक्त अवकाश को न तो अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाएगा और न ही भुनाया जाएगा,
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संविदा वाहन चालक के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने पर तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरंतरता या विस्तार नहीं किया जा सकेगा।
- यह संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर एक वर्ष के लिए बढाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
- संविदा वाहन चालक का पद नियत मासिक मानदेय पर आधारित होकर सीधी भर्ती का पद नहीं है। जोकि पूर्णतः अस्थाई, 02 वर्ष की संविदा अवधि के लिये होकर नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई पद या प्रकार नहीं है।
- संविदा आधारित वाहन चालक की नियुक्ति हेतु म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2009 के नियम 6 (2) में बताई गई आवश्यक योग्यता होनी चाहिए।
- आवेदक द्वारा संविदा वाहन चालक का आवेदन–पत्र विहित किये गये प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।
- विधिक सेवा संस्था द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले आदेश–निर्देश संविदाकर्मी पर लागू होकर संविदाकर्मी को उनका पालन करना होगा।

***

*(*c.m.*)*

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
मण्डलेश्वर

'आवेदन–पत्र का प्रारूप'

'कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर (म.प्र.) के लिए वाहन चालक के संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप'

प्रति,

सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय परिसर, मण्डलेश्वर (म.प्र.)

Please affix your recent colour passport size photo here.

मैं,.....पति / पिता,श्री.....

निवासी–..... .....जिला–.....

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के 'संविदा वाहन चालक' के पद हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करता / करती हूँ। मेरा आवश्यक विवरण इस प्रकार हैं–

(1).	आवेदक का पूरा नाम	: .....
(2).	पति / पिता का नाम	: .....
(3).	आवेदक की जन्म तिथि	: जन्म तिथि– ...../...../.....(कृपया स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न कीजिए)
(4).	उम्र (01.01.2026 की तिथि पर)	: (वर्ष–..... माह–..... दिन–.....)
(5).	लिंग (Gender)	: ..... (पुरूष / महिला / अन्य)
(6).	स्थाई पता	: ..... : .....
(7).	पत्राचार का पूर्ण पता	: ग्राम / शहर–..... तहसील–..... पुलिस थाना–..... जिला–..... पिन–.....
(8).	दूरभाष / मोबाईल नंबर	: दूरभाष नं. / मोबाईल नं. .....
(9).	ईमेल आईडी (E-mail ID)	: .....
(10).	आधार नंबर (Aadhar No.)	: .....
(11).	शैक्षणिक योग्यताएँ–	: (कृपया स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन–पत्र के साथ संलग्न कीजिए)

क्र.	शैक्षणिक पाठ्यक्रम	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	प्राप्तांक का प्रतिशत (agreegate)
	10 वीं			

1.				
2.	12 वीं (यदि हो)			
3.	स्नातक (यदि हो)			
4.	अन्य कोई (यदि हो)			
(12).	मेकेनिक कार्य की वांछित कौशल / योग्यताएँ–	: (कृपया स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन–पत्र के साथ संलग्न कीजिए)		
क्र.	**कौशल / व्यवसायिक पाठ्यक्रम**	**बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम**	**उत्तीर्ण होने का वर्ष**	**प्राप्तांक का प्रतिशत / ग्रेड**
(13).	ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण	: ड्राईविंग लाईसेंस नंबर – ..... जारीकर्ता RTO–..... DL की वैधता दिनांक – ..... लाईसेंस का प्रकार ..... (कृपया स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन–पत्र के साथ संलग्न कीजिए)		
(14).	ड्राईविंग कार्य अनुभव	: अनुभव वर्ष– ..... वाहन का प्रकार..... (कृपया स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन–पत्र के साथ संलग्न कीजिए)		
(15).	वैवाहिक स्थिति	: विवाहित / अविवाहित ..... विवाह दिनांक.....		
(16).	जीवित संतान स्थिति	: यदि विवाहित है, तो जीवित संतानों की संख्या ..... 1. प्रथम जीवित संतान की जन्म तिथि ..... 2. द्वितीय जीवित संतान की जन्म तिथि		
(17).	क्या आपके विरूद्ध कोई आपराधिक कार्यवाही हुयी है?	: ..... (हाँ / नहीं) यदि हाँ, तो कृपया उक्त अपराध / अपराधों के बारे में अद्य तन स्थिति का स्पष्ट विवरण दीजिए तथा स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न कीजिए।		
(18).	संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची–	1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियाँ, 2. ड्राईविंग / कौशल एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियाँ, 3. आधार पंजीयन–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि, 4. आपराधिक कार्यवाही संबंधी अद्यतन दस्तावेज, (क्र.17 अनुसार) 5. जन्मतिथि प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि, 6. अन्य कोई समर्थित दस्तावेज की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि।		

नोटः– उपरोक्त में से जो जानकारी आवेदक को लागू नहीं होने पर अनिवार्य रूप से खाली स्थान क्रास (X) करें।

- **स्थान** : .....
- **दिनांक** : .....

.....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

।। स्व–घोषणा ।।

मैं एतद्द्वारा यह घोषित करता/करती हूँ कि इस आवेदन–पत्र में दिये गये सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास से सत्य, पूर्ण एवं सही हैं। किसी भी स्तर पर किसी भी जानकारी के झूठा अथवा गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में दियें गयें सभी निर्देशों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और उनका पालन करने के लिए सहमत हूँ। मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं उन पात्रता शर्तों को पूरा करता/करती हूँ, जिनके लिए मैं संविदा पर नियुक्ति चाहता/चाहती हूँ। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मुझे किसी भी आपराधिक कार्यवाही में किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है। मैं पूर्ण निष्ठा और अनुशासन बनाए रखने का भी वचन देता/देती हूँ तथा मैं पारिश्रमिक संरचना और संबंधित SLSA/DLSA द्वारा अधिसूचित सभी नियमों और शर्तों से सहमत हूँ।

- **स्थान** : .....
- **दिनांक** : .....

.....

(आवेदक के हस्ताक्षर)